Title: Re: Development of Ropeway to Narvar as emerging Tourist spot.

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): सभापति महोदय, सदन में मेरे क्षेत्र का महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने हेतु अनुमति देने के लिए मैं आपका हार्दिक धन्यवाद करता हूं । मेरे ग्वालियर लोक सभा क्षेत्र की विधान सभा करैरा के अंतर्गत आने वाले नरवर शहर का अपना एक वैभवशाली इतिहास रहा है । महाभारत में भी नरवर का उल्लेख निषध नगर नाम से मिलता है । इसमें राजा नल और दमयंती की प्रेम कथा का वर्णन है । ढोला मारू प्रेम प्रसंग का भी नरवर इतिहास से संबंध है । नरवर का किला इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है । यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं । नरवर को ऐतिहासिक, धार्मिक प्राकृतिक सुंदरता का संगम कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी । जहाँ प्राकृतिक सुन्दरता तो है ही, लोढ़ी माता का प्रसिद्ध मंदिर है, जहाँ लाखों की तादाद में प्रतिवर्ष श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है । यहाँ पर तीन विशाल डैम मोहनी सागर, अटल सागर व हरसी हैं । धार्मिक दृष्टि से देखा जाए तो यहाँ प्राचीन चौदह महादेव मंदिर, जैन समाज की आस्था का केन्द्र उरवाहा मंदिर व टपकेश्वर धाम भी है । धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले नरवर को देश के पर्यटन मानचित्र पर लाने एवं इसे अधिक आकर्षक एवं सुविधायुक्त बनाने हेतु वहाँ पहाड़ी पर स्थित लोढ़ी माता मंदिर तक रोपवे निर्माण की आवश्यकता है ।

महोदय, आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस हेतु पहल करें । धन्यवाद ।